होली मिलन समारोह

दिनांक 09–03–2017 को अग्रवाल महाविद्यालय संभाग प्रथम के प्रांगण में होली का उत्सव मनाया गया. यह कार्यक्रम महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. नरेश कामरा के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ. होली के रंग प्रसन्नता, उमंग व उल्लास के प्रतीक है. इसी उमंग और उल्लास को छात्र–छात्राओं ने अपने गीत व नृत्य द्वारा दर्शाया. पंजाबी व हरियाणवी गीतों ने उत्सव की शोभा में चार चॉद लगा दिये. इसी के साथ साथ महाविद्यालय के सभागार में बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने भास द्वारा रचित जीम म्दअवल नामक लघु नाटक को प्रदर्शित करते हुए शांति संदेश दिया. प्राचार्य महोदय ने विद्यार्थीयों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह त्यौहार प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है. अतः सभी व्यक्तियों को वैर भाव भुलाकर प्रेम से रहना चाहिए. इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक गण उपस्थित थे.